रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
+ भारत का मानचित्र
No. of printed pages : 4
+ Map of India

**110** **410 (ICI)**

# 2017

# इतिहास
# HISTORY

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100
Time : 3 hours ] [ Max. Marks : 100

निर्देश : (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 22 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
(ii) 2 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो। 5 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक न हो। 7 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।
(iii) मानचित्र अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।
(iv) जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टेंसिलों अथवा सांचों को रेखामानचित्र बनाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।
(v) प्रथम प्रश्न से प्रारंभ कीजिए और अन्त तक करते जाइये। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

**Note :** (i) There are 22 questions in all. Answer all the questions. Marks for each question are indicated against it.
(ii) Answer to questions carrying 2 marks should not exceed 50 words each. Answer to questions carrying 5 marks should not exceed 150 words each. Answer to questions carrying 7 marks should not exceed 250 words each.
(iii) Attach the map with the answer-book.
(iv) Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.
(v) Start from the first question and proceed to the last. Do not waste time over a question which you can not solve.

## पुरातत्व और प्राचीन भारत
## (Archaeology and Ancient India)

1. हड़प्पाई नगरों में लोगों को उपलब्ध खाद्य–सामग्री का उल्लेख कीजिए। 2
Mention the items of food available to the people in Harappan cities.

2. अभिलेखशास्त्रियों की कुछ समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 2
State some of the problems faced by the epigraphists.

3. महाभारत की मूल कथावस्तु किस बारे में है ? 2
What is the central story of the Mahabharata about ?

4. हड़प्पा–सभ्यता की 'खोज' की कहानी संक्षेप में लिखिए। 5
Briefly narrate the story of the 'discovery' of Harappan civilisation.

**अथवा (OR)**

मोहनजोदड़ो के कौन से वास्तुकला संबंधी लक्षण, नियोजन की ओर संकेत करते हैं ?
Which of the architectural features of Mohenjodaro indicate planning ?

5. मौर्य–साम्राज्य के इतिहास का पुनर्निर्माण करने में इतिहासकारों द्वारा प्रयुक्त विभिन्न साधनों का विवेचन कीजिए। 7
Discuss the various sources used by historians to reconstruct the history of the Mauryan empire.

**अथवा (OR)**

उत्तर मौर्य–काल में विकसित राजत्व के विचारों की चर्चा कीजिए।
Discuss the notions of kingship that developed in the post-Mauryan period.

6. सांची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए। 7
Discuss the role of the begums of Bhopal in preserving the stupa at Sanchi.

**अथवा (OR)**

गौतम बुद्ध के जीवन और उपदेशों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
Give a brief account of the life and teachings of Gautam Buddha.

## मध्यकालीन भारत
## (Medieval India)

7. 'किताब–उल–हिन्द' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2
Write a short note on the 'Kitab-ul-Hind'.

8. कबीर के मुख्य उपदेश क्या थे ? 2
What were the major teachings of Kabir ?

9. विजयनगर साम्राज्य की 'अमर–नायक' प्रणाली का उल्लेख कीजिए। 2
Mention the 'amara-nayaka' system of the Vijayanagara Empire.

10. बर्नियर के अनुसार मुगलकालीन भारत में किसानों की क्या समस्याएँ थीं ? 5
What, according to Bernier, were the problems faced by peasants in Mughal India ?

**अथवा (OR)**

भारत में अपने यात्रा–वृतान्तों को लिखने में अल–बिरूनी और इब्न बतूता के उद्देश्यों की तुलना कीजिए।
Compare the objectives of Al-Biruni and Ibn Battuta in writing their accounts of travels in India.

11. मध्यकालीन भारत में सूफीमत के विकास का वर्णन कीजिए। 5
Describe the growth of Sufism in Medieval India.

**अथवा (OR)**

विजयनगर साम्राज्य की स्थापत्य शैली का वर्णन कीजिए।
Discuss the architecture of Vijayanagara Empire.

12. सोलहवीं और सत्रहवीं सदी में जंगलवासियों के जीवन में किस प्रकार परिवर्तन आ गया ? 7
Describe how the lives of forest dwellers were transformed in the sixteenth and seventeenth centuries.

**अथवा (OR)**

मुगलकालीन भारत में पंचायतों की कार्यप्रणाली को समझाइये।
Explain the functioning of Panchayats in Mughal India.

13. मुगलों के केन्द्रीय प्रशासन का वर्णन कीजिए। 7
Describe the central administration of the Mughals.

अथवा (OR)

अबुल फ़ज़्ल का परिचय देते हुये उनकी उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए।
Giving introduction of Abul Fazl, mention his achievements.

## आधुनिक भारत
## (Modern India)

14. संथालों ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह क्यों किया ? 2
Why did the santhals rebel against the British ?

15. औपनिवेशिक काल में 'व्हाइट' और 'ब्लैक' टाउन शब्दों का क्या अभिप्राय था ? 2
What did the term 'white' and 'black' town signify during the colonial period ?

16. विभाजन के विरुद्ध महात्मा गाँधी की क्या दलीलें थीं ? 2
What were Mahatma Gandhi's arguments against partition ?

17. पहाड़िया लोगों की आजीविका संथालों की आजीविका से किस रूप में भिन्न थी ? 5
In what way was the livelihood of the Paharias different from that of the Santhals ?

अथवा (OR)

इस्तमरारी बंदोबस्त के पश्चात् बहुत सी जमींदारियों को क्यों नीलाम कर दिया गया ?
Why were many zamindaris auctioned after the Permanent Settlement ?

18. सहायक सन्धि–व्यवस्था क्या थी ? इस व्यवस्था के द्वारा अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय किस प्रकार किया गया ? 5
What was the Subsidiary alliance system ? How was Awadh annexed to the British empire by this system ?

अथवा (OR)

1857 की क्रान्ति के धार्मिक कारणों की चर्चा कीजिए।
Discuss the religious causes of the revolt of 1857.

19. औपनिवेशिक काल में कलकत्ता (कोलकाता) में नगर नियोजन के इतिहास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 5
Outline the history of town planning in Calcutta (Kolkata) during the colonial period.

अथवा (OR)

ब्रिटिश काल में 'हिल स्टेशनों' के विकास का वर्णन कीजिए। औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के लिए वे किस प्रकार महत्वपूर्ण सिद्ध हुए ?
Describe the development of 'hill stations' during the British period. How were they important for the colonial economy ?

20. महात्मा गाँधी द्वारा संचालित असहयोग आन्दोलन की पृष्ठभूमि तथा कार्यक्रम का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 7
Describe briefly the background and programme of the non-cooperation movement launched by Mahatma Gandhi.

अथवा (OR)

भारत–विभाजन के प्रश्न पर कांग्रेस की सोच कैसे बदली ?
How did Congress come to change its views on the partition of India ?

21. उस पृष्ठभूमि की चर्चा कीजिए जिसमें संविधान–सभा का कार्यारम्भ हुआ। इस पृष्ठभूमि ने संविधान–निर्माण को किस प्रकार प्रभावित किया ? 7

Discuss the background in which the Constituent Assembly met. In what way did this background influence the making of the Constitution ?

**अथवा (OR)**

निम्नलिखित उद्धरण को सावधानी से पढ़िए और उसके अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

'हमारे लिए स्वशासन का तब तक कोई अभिप्राय नहीं है जब तक हम किसानों से उनके श्रम का लगभग सम्पूर्ण लाभ स्वयं अथवा अन्य लोगों को ले लेने की अनुमति देते रहेंगे। हमारी मुक्ति केवल किसानों के माध्यम से ही हो सकती है। न तो वकील, न डॉक्टर, न ही जमींदार इसे सुरक्षित रख सकते हैं।'

(क) उक्त उद्धरण गाँधीजी द्वारा फरवरी 1916 में बनारस में दिए गए भाषण का अंश है। भाषण किस अवसर पर दिया गया, उल्लेख कीजिए। 1

(ख) उक्त अवसर पर कौन–कौन से लोग आमंत्रित अतिथियों में थे ? 2

(ग) गाँधीजी का भारतीय भद्रजनों के विरुद्ध क्या आरोप था ? 2

(घ) गाँधीजी स्वयं राष्ट्रीय आन्दोलन को किस प्रकार बनाना चाहते थे ? 2

Read the following extract carefully and answer the questions that follow—

"There can be no spirit of self-government about us, if we take away or allow others to take away from the peasants almost the whole of the results of their labour. Our salvation can only come through the farmers. Neither the lawyers, nor the doctors, nor the rich landlords are going to secure it."

(a) The above extract is part of a speech delivered by Gandhiji in February 1916 at Benaras. Mention the occasion of the speech.

(b) Who were among the invitees to this event ?

(c) What did Gandhiji charge the Indian elite with ?

(d) What was Gandhiji's own desire regarding the nature of National Movement ?

22. (क) दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थानों को नामांकित कीजिए – 5

(i) रंगपुर (ii) सोपारा (iii) कलिंग (iv) अयोध्या (v) हस्तिनापुर

(ख) भारत के इसी रेखा मानचित्र पर ऐसे पाँच नगरों को नामांकित कीजिए जिनमें तीन प्रमुख सूफी दरगाहों और दो विष्णु व शिव मन्दिरों से सम्बद्ध हों। 5

(a) On the given political outline map of India, plot and name the following historical places –

(i) Rangpur (ii) Sopara (iii) Kalinga (iv) Ayodhya (v) Hastinapur

(b) On the same outline map of India, plot and name five cities in which three associated with major Sufi shrines and two associated with temples of Vishnu and Shiva.

**नोट :निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर है।**

(क) भारत के उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थल स्थित हैं – 5

(i) रंगपुर (ii) सोपारा (iii) कलिंग (iv) अयोध्या (v) हस्तिनापुर

(ख) पाँच ऐसे नगरों के नाम लिखिए जिनमें से तीन प्रमुख सूफी दरगाहों और दो विष्णु व शिव मन्दिरों से सम्बद्ध हों। उन राज्यों का भी नाम लिखिए जिनमें ये नगर अब स्थित हैं। 5

**Note : The following question is only for the blind candidates in lieu of above question No. 22.**

(a) Write the name of the states in India where the following historical places are situated –

(i) Rangpur (ii) Sopara (iii) Kalinga (iv) Ayodhya (v) Hastinapur


(b) Mention the names of five cities in which three are associated with major Sufi Shrines and two are associated with temples of Vishnu and Shiva. Also mention the name of state against each in which it is situated now.

********

**2017** **410 (ICI)**

अनुक्रमांक
Roll No. ☐☐☐☐☐☐☐☐

प्रश्न संख्या 22 ( क ) एवं ( ख ) के लिए
[ For Q. No. 22 (a) & (b) ]




| केवल परीक्षकों के लिए (For Examiners Only) | प्रश्न संख्या 22 (Q. No. 22) | क (a) | | | | | | ख (b) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | योग Total | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | योग Total |
| | प्रदत्त अंक (Marks Provided) | | | | | | | | | | | | |